आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 15.08.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्यासीवें स्वाधीनता दिवस समारोह में लाल किले के प्राचीर से ऑपरेशन सिन्दूर की सराहना करने के साथ–साथ आत्मनिर्भर भारत के लिए कई कार्यक्रमों की घोषणा की।

- विकसित भारत रोजगार योजना आज से लागू–पहली जॉब पर यूवाओं को पन्द्रह हजार रूपए की राशि दी जाएगी।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में भी धूम धाम से मनाया गया उन्यासीवां स्वतंत्रता दिवस। उपराजयपाल ने कहा पयर्टन में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई।
- पर्यटन क्षमता को उजागर करने के पहल के तहत प्रशासन ने उच्च स्तरीय पर्यटन परियोजनाओं का एक समूह शुरू किया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में ऐतिहासिक लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर स्वतंत्रता दिवस समारोह का नेतृत्व किया। इस साल स्वतंत्रता दिवस समारोह की थीम नये भारत पर आधारित थी, जो देश की प्रगति, आत्मनिर्भरता और दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के लक्ष्य को दर्शाता है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता इस वर्ष के समारोह का मुख्य आकर्षण था। लाल किले के प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के जांबाज़ सैनिकों को नमन किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर देश के सशस्त्र बलों के साहस और शौर्य का सशक्त साक्ष्य है। बाईस तारीख के बाद हमने हमारी सेना को खुली छूट दे दी। सैकड़ों किलोमीटर दुश्मन की धरती पर घुस कर आतंकी हेडक्वार्टस को मिट्टी में मिला दिया। देशवासियों ने अब समझ लिया है कि सिंधु जल समझौता अनुचित था और भारत परमाणु हमले की धमकी अब बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुश्मनों को करारा जवाब देने के लिए सशक्त हथियार प्रणाली – सुदर्शन चक्र मिशन शुरू करेगा। ये मिशन सुदर्शन चक्र दुश्मन के हमले को नाकाम करने के साथ–साथ उस पर कई गुना ताकत के साथ हमला करेगा।

प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत को विकसित भारत का आधार स्तंभ बताया। उन्होंने रक्षा, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, अंतरिक्ष और विनिर्माण क्षेत्रों में देश की प्रगति का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा विदेशी सहयोग पर निर्भर नहीं रह सकती। प्रधानमंत्री ने कहा है कि हम नेक्स्ट जनरेशन जी.एस.टी. रिफॉर्म्स लेकर के आ रहे हैं, ये दिवाली आपके लिए उपहारों से भरी होने वाली है। श्री मोदी ने समुद्री संसाधनों के दोहन के लिए गहरे–जल में खोज के उद्देश्य से राष्ट्रीय मिशन बनाने की भी घोषणा की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत इस साल के अंत तक मेड इन इंडिया सेमी–कंडक्टर चिप्स शुरू करेगा, जो महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में देश की बढ़ती ताकत को दर्शाता है। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से लौटे ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की उल्लेखनीय उपलब्धियों की सराहना की। प्रधानमंत्री ने पिछले एक सौ वर्षों से राष्ट्र सेवा के प्रति राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयं सेवकों की प्रतिबद्धता की प्रसंशा करते हुए कहा कि हजारों स्वयं सेवकों ने व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ देश के लिए अपना जीवन समर्पित किया है।

<><><><><><><>

स्वतंत्रता दिवस के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले में भाषण दिया। इसके तहत उन्होंने युवा रोजगार और सशक्तिकरण को लेकर कई बातें कही। इसके साथ ही पी एम मोदी ने करोड़ों युवाओं का बड़ा तोहफा दिया है। उन्होंने युवाओं के लिए आज से ही रोजगार योजना की शुरुआत का ऐलान किया है। इस योजना के तहत युवाओं को पन्द्रह हजार रुपये दिए जाएंगे।

<><><><><><><>

उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में अंडमान निकोबार प्रशासन द्वीपों के बहुमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। वे आज उन्यासीवें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर श्री विजय पुरम के ऐतिहासिक नेताजी स्टेडियम में जन समूहको संबोधित करते हुए अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि द्वीपों में कई महत्वकांक्षी और युगान्तरकारी परियोजनाएं चलाई जा रही है। उप–राज्यपाल ने कहा कि पर्यटन, आतिथ्य जैसे सेवाओं के क्षेत्र में पिछले वर्ष द्वीपों में किसी भी वर्ष की तुलना में घरेलू पर्यटकों की इकतालीस प्रतिशत और विदेशी पर्यटकों की सत्ताइस प्रतिशत की रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है।

उपराज्यपाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि एअर कनेक्टिविटी को मजबूती प्रदान करने के लिए उड़ान योजना के तहत बाकी द्वीपोंको राजधानी श्री विजयपुरम् से जोड़ने के लिए सी प्लेन की सेवाएं भी शुरू की जाएंगी।

राजधानी श्री विजयपुरम् के साथ–साथ द्वीप समूह के अन्य क्षेत्रों में भी स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया।

<><><><><><><>

भारत के सबसे मनमोहक द्वीपीय स्थलों की अनुपयोग पर्यटन क्षमता को उजागर करने की पहल के तहत अंडमान और निकोबार प्रशासन ने परिवर्तनकारी उच्च–स्तरीय पर्यटन परियोजनाओं का एक समूह शुरू किया है। ये परियोजनाएँ चार द्वीपों – शहीद द्वीप, लॉन्ग आइलैंड, स्मिथ आइलैंड और एवेस द्वीप के साथ–साथ श्री विजयपुरम नगर के मध्य में स्थित मेगापोड रिज़ॉर्ट के पुनर्विकास पर भी केंद्रित होंगी। ये परियोजनाएँ सार्वजनिक–निजी भागीदारी मॉडल के तहत विकसित की जाएँगी। द्वीपों के समग्र विकास के ढाँचे के अनुरूप हैं और इसका उद्देश्य अंडमान और निकोबार द्वीप समूह को स्थायी, प्रकृति–आधारित पर्यटन के लिए एक प्रमुख वैश्विक गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। शहीद द्वीप, लॉन्ग आइलैंड, स्मिथ आइलैंड और एवेस आइलैंड में इको–टूरिज्म रिसॉर्ट्स के विकास और मेगापोड रिसॉर्ट के पुनर्विकास के लिए आर.एफ.पी 28 जुलाई को जारी किया गया था।

<><><><><><><>